Title: Need to formulate a plan for rehabilitation of people displaced due to construction of Narora Atomic Energy Plant and NTPC in Uttar Pradesh. - Laid

श्री अशोक प्रधान (खुर्जा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र खुर्जा के अन्तर्गत जनपद बुलन्दशहर में नरौरा परमाणु विद्युत संयंत्र (एन.ए.पी.पी.) और जनपद गाजियाबाद में दादरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एन.टी.पी.सी.) की स्थापना इस आश्वासन के साथ की गई थी कि इससे प्रभावित होने वाले लोगों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की जाएगी और इस क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा। किन्तु केन्द्र सरकार ने अब तक इन संयंत्रों से प्रभावित होने वाले विस्थापितों के कल्याण हेतु समुचित कदम नहीं उठाए हैं तथा विस्थापित लोगों को ऐसे स्थान पर बसाया गया है, जहां पर बरसात के दिनों में भारी मात्रा में पानी इकट्ठा हो जाता है तथा न ही इन संयंत्रों में क्षेत्र के लोगों को नौकरी के लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया है और न ही किसानों को उनकी भूमि का पर्याप्त मुआवजा दिया गया है। नरौरा और दादरी क्षेत्र में इन संयंत्रों के अन्तर्गत आने वाली सड़कें जीर्णशीर्ण स्थिति में हैं और वहां पर विस्थापितों के बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है और न ही चिकित्सालयों और शौचालयों की व्यवस्था है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह खुर्जा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले नरौरा परमाणु विद्युत संयंत्र और नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (दादरी क्षेत्र) से विस्थापित होने वाले लोगों के कल्याणार्थ कोई एक विशेष योजना बनाएं तथा इस क्षेत्र का समुचित विकास किया जाए और वहां पर विकास सम्बन्धी कार्य योजना को तुरन्त शुरु करवाया जाए।